(3)

पंजीकृत / निजी ध्यानार्थ

संख्याः– ई0डी0एन0–एच0ई0(21)ए0(3)31 / 2013–वी
शिक्षा निदेशालय (उच्चतर),
हिमाचल प्रदेश, शिमला–1
Tel:0177&2653120, dhe-sml-hp@nic.in', Fax:2812882
दिनांक शिमला–1 दिसम्बर, 2019

सेवा में

1. उप–शिक्षा निदेशक, उच्चतर शिक्षा,
   समस्त जिला, हिमाचल प्रदेश
2. प्रधानाचार्य / मुख्याध्यापक,
   समस्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक / उच्च पाठशाला,
   हिमाचल प्रदेश

विषयः– **दिनांक 04–11–2019 को दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला में छपी खबर शीर्षक ''परिजनों की डांट से नाराज 9वीं के छात्र ने फंदा लगा दी जान। मामला बासा के दाड़ी गांव, जिला मण्डी का है।'' का राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा स्वतः संज्ञान लेने बारे।**

उपरोक्त विषय पर, पत्र संख्याः–सी.पी.सी.आर.–ए(4)–2 / 2018–896–897 दिनांक 09–12–2019 के अन्तर्गत निदेशक (डब्ल्यू.सी.डी.) एवं सदस्य सचिव, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, हिमाचल प्रदेश, द्वारा सूचित किया गया है कि उपरोक्त वर्णित खबरशीर्षक ''परिजनों की डांट से नाराज 9वीं के छात्र ने फंदा लगा दी जान। मामला बासा के दाड़ी गांव, जिला मण्डी का है।'' पर आयोग द्वारा चिन्ता व्यक्त की गई कि प्रदेश में आए दिन इस प्रकार की घटनाएं हो रही हैं जिन पर रोक लगाने की आवश्यकता है। अतः आयोग द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए चाहा गया है कि इस हेतु शिक्षा विभाग, इस प्रकार की घटनाओं से बचाव हेतु सभी स्कूलों में जागरूकता अभियान चलाएं जाएं, जिसमें बच्चों एवं उनके अभिभावकों को शामिल किया जाए।

इस सन्दर्भ में, जैसाकि राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए चाहा गया है, आपको निर्देश दिए जाते हैं कि इस प्रकार की घटनाओं से बचाव हेतु सभी विद्यार्थियों को समय–समय पर जागरूक किया जाए तथा समय–समय पर स्कूल प्रबन्धन समिति के सदस्यों व विद्यार्थियों के माता–पिता व अभिभावकों को भी इस प्रकार की घटनाओं पर रोकथाम हेतु जागरूक किया जाए। मामले में अनुपालना रिपोर्ट इस निदेशालय को अविलम्ब प्रेषित की जाए।

हस्ता0/-
(डा0 प्रमोद चौहान),
संयुक्त शिक्षा निदेशक(महा0),
उच्चतर शिक्षा, हिमाचल प्रदेश

पृष्ठांकन संख्याः सम दिनांक शिमला–1 दिसम्बर,2019
प्रतिलिपि सूचनार्थ एवम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. निदेशक (डब्ल्यू.सी.डी.) एवं सदस्य सचिव, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, हिमाचल प्रदेश, शर्मा भवन, बिलो बी.सी.एस., फेज़–3, न्यू शिमला–171009.
2. तकनिकी अधिकारी, सूचना एवम प्रौद्योगिकी कक्ष, उच्चतर शिक्षा निदेशालय को पत्र की प्रति को विभगीय वैबसाइट पर उपलब्ध करवाने बारे।
3. रक्षक नस्ति।

शिक्षा निदेशालय उच्चतर हि0प्र0
20 DEC 2019

संयुक्त शिक्षा निदेशक(महा0),
उच्चतर शिक्षा, हिमाचल प्रदेश